हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 25 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.0 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

आंदोलन में जाने से डिपो की व्यवस्था बिगड़ी 10



योजनाओं पर पहला हक वास्तविक लाभार्थियों का 12



## खबर संक्षेप

### सुशासन दिवस पर आज श्रम एवं रोजगार मंत्री जींद में

**जींद।** एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ ने बताया कि सुशासन दिवस पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिये सभी जिलों से रूबरू होंगे। जिला में हरियाणा के श्रम एवं रोजगार मंत्री अनूप धानक बतौर मुख्यअतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थानीय लघु सचिवालय के कान्फ्रेंस हाल में प्रातः 11 बजे आयोजित होगा।

### जुआ खेलते चार काबू 52300 रुपये बरामद

**सफीदों।** सीआईए सफीदों की टीम की रकम दांव पर लगाकर जुआ खेलते हुए गांव बहादुरगढ़ से चार लोगों को काबू किया है। टीम ने उनके पास से ताश के पत्ते व 52300 रुपए बरामद किए है। पकड़े गए आरोपिों की पहचान चरण सिंह, सोनू, अनिल कुमार व राजेश के रूप में हुई है। सीआईए सफीदों की एक टीम एएसआई जलोरा सिंह के नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम के लिए लाभ सिंह होटल सफीदो पर मौजूद थी।

### कलौदा डेरा से राशि चुराता टीवी में कैद

**जींद।** गाव कलौदा डेरा बाबा सहारनाथ समाधी का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर रुपयो की माला तथा अंदर रखी राशि को चोरी कर लिया। चोरी की वारदात वहां लगे सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई। सदर थाना नरवाना पुलिस ने डेरा के महंत की शिकायत पर गांव के ही एक युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इंस्टा पर असलहा के साथ फोटो लगाने में केस दर्ज

**जींद।** इंस्टाग्राम अकांउट बना असलहा के साथ फोटो अपलोड करने पर सदर थाना पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि इंस्टा पर बिंदर चहल अनुपगढ़ के नाम से आईडी बनी हुई है। जिसमें लगी फोटो पर एक युवक असलहा के साथ खड़ा हुआ है।

### शादी का झांसा देकर किशोरी को ले गया

**कैथल।** जिले के एक गांव से अज्ञात आरोपी शादी का झांसा देकर एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एक महिला ने पुलिस को शिकायत दी कि 22 दिसंबर को शाम के समय अज्ञात आरोपी उसकी 16 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर गांव से ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

### किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में केस दर्ज

**कैथल।** महिला पुलिस कैथल ने 13 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को नामजद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट व अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि एक युवक उनके गांव में मजदूरी करता था। 19 दिसंबर को आरोपी ने उसकी बेटी से दुष्कर्म किया।

### चरस बेचता होटल मालिक काबू, पूछताछ जारी

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने जींद-रोहतक मार्ग पर नहर के निकट होटल मालिक को काबू कर उसके कब्जे से 101 ग्राम चरस बरामद की है। जुलाना थाना पुलिस ने पकड़े गए होटल मालिक के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम को सूचना मिली होटल का मालिक राकेश अपने होटल के सामने नशीले पदार्थ बेचने का कार्य करता है।

# कोराना के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

- अस्पताल में स्पेशल वार्ड व ऑक्सीजन व्यवस्था को किया पुख्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कोराना के नए वेरिएंट जेएन-1 ने देश में दस्तक दी है। देश में अभी तक कोराना के नए वेरिएंट जेएन-1 से 600 से अधिक लोग प्रभावित हो चुके हैं। वहीं जींद जिला कोरोना से पूरी तरह मुक्त है। बावजूद इसके स्वास्थ्य निदेशालय ने सैंपलिंग बढ़ाए जाने व कोरोना को लेकर पहले की तरह नियमों की पालना करवाने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र लिखा गया है। आदेशों में साफ कहा गया है कि कोरोना सैंपलिंग को बढाया जाए और जिनमें कोरोना से मिलते-जुलते लक्षण दिखाई दे रहे हैं उनका तुरंत प्रभाव से सैंपल करवा उपचार किया जाए। जिले में अबतक पांच लाख 53,557 लोगों की कोरोना जांच हुई है। इनमें से 25,990 लोग कोरोना से संक्रमित हुए थे। जोकि सभी ठीक हो चुके हैं। वहीं 553 लोगों की जिंदगी कोरोना ने लील ली थी। कोरोना के नए वैरिएंट जेएन-1 को काफी खतरनाक माना जा रहा है। इसके फैलने की गति भी काफी तीव्र है। इसलिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट हो गया है।





- जिला में अबतक 25,990 लोग कोरोना से हुए संक्रमित, 553 लोगों की हो चुकी है मौत

### कोराना के नए वेरिएंट जेएन-1 से बचाव को लेकर यह उठाए कदम

- स्वास्थ्य विभाग द्वारा जेएन-1 को लेकर जागरूकता अभियान की शुरूआत की जा रही है ताकि आमजन को बीमारी के बारे में पता चल सके।
- स्वास्थ्य विभाग ने पुरानी बिल्डिंग में स्पेशल आइसोलेशन वार्ड बनाए हुए हैं। प्रत्येक वार्ड में आठ से 10 बैडों की व्यवस्था है।
- हालांकि जींद अस्पताल 200 बैड का है और प्रत्येक बैड पर ऑक्सीजन की सुविधा है। अब फिर कोराना के नए वेरिएंट जेएन-1 को देखते हुए ऑक्सीजन व्यवस्था को और ज्यादा पुख्ता किया जा रहा है।
- कोरोना को लेकर सैंपल फिलहाल नही लिए जा रहे थे। अब फिर से सैंपलिंग को बढ़ा जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों के सैंपल लिए जा सकें।
- नागरिक अस्पताल में ओपीडी व दवा खिड़की पर ज्यादा भीड़ रहती है। यहां फिजिकल डिस्टैंसिंग को लेकर आउटसोर्स स्टाफ की डयूटी लगाई जाएगी।
- जींद स्वास्थ्य विभाग ऐसा प्रयास करेगा कि कोराना के नए वेरिएंट जेएन-1 की जांच जींद में ही हो सके।

### खुद ही दवा न लें : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि कोराना के नए वेरिएंट जेएन-1 को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट है। अगर दो से तीन दिन में बुखार ठीक न हो रहा हो या खांसी भी रुक नहीं रही हो तो सेल्फ मेडिसिन न लें। तुरंत चिकित्सक की सलाह लें। बुखार, सर्दी, खांसी होने पर अपने मन से एंटीबायोटिक्स न लें। ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, अस्थमा, हार्ट पेशेंट, किडनी फेलियर समेत अन्य बीमारी से ग्रसित मरीजों को इंफेक्शन से बचाने के लिए 'यादा ध्यान दें। अगर किसी मरीज की पुष्टि होती है तो स्पेशल वार्ड व आइसोलेशन वार्ड तैयार करवाए गए हैं। इसके अलावा प्रचार अभियान चलाया जाएगा व सैंपलिंग को बढाया जाएगा।

## खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग : सुभाष श्योराण

# इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में धूमधाम से मना जश्न-ए-दौड़ उत्सव

खेल उत्सव का आगाज विधिवत रूप से मशाल जलाकर लिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा में जश्न-ए-दौड़ मनदीप मैमोरियल वार्षिक उत्सव आयोजन धूमधाम से किया गया। इस खेल उत्सव का आगाज विधिवत रूप से मशाल जलाकर लिया गया। इस मशाल का भ्रणम पिल्लूखेड़ा मंडी, जामनी तथा भुराण में किया गया। विद्यालाड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट के साथ किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला खेल अधिकारी मनीराम मौण मुख्यअतिथि रहे, जबकि इंडस शिक्षण संस्थाओं के डायरेक्टर सुभाष श्योराण, आढ़ती एसोसिएशन पिल्लूखेड़ा के अध्यक्ष प्रवीण कुमार जैन, इंडस पब्लिक स्कूल जींद की डायरेक्टर रचना श्योराण व शिक्षाविद् दिव्या मड़ोत्रा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर भारत विकास परिषद पिल्लूखेड़ा के अध्यक्ष नारायण दत्त शर्मा, समाजसेवी आजाद सिंह कुंडू सम्मानित अतिथियों के रूप में मौजूद रहे। इस वार्षिक खेल उत्सव की अध्यक्षता इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेंद्र मड़ोत्रा ने की।

इंडस पब्लिक स्कूल पिल्लूखेड़ा के चेयरमैन सुरेंद्र मड़ोत्रा ने कहा कि खेलों में भाग लेने से जहां मन एकाग्र होता है। स्कूल प्रिंसिपल रोहताश मलिक व जूनियर विंग हेड टीचर 'योति सैनी ने इस खेल उत्सव पर शिरकत करने वाले सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। वार्षिक खेल उत्सव में माफी को बेस्ट महिला एथलीट तथा निखिल को बेस्ट पुरुष एथलीट चुना गया। इस खेल उत्सव में अरावली सदन नवदीप मैमोरियल ट्रॉफी का ओवरऑल चैंपियन बना जबकि नीलगिरी सदन प्रथम रनरअप व विंध्या सदन द्वितीय रनरअप रहा। शिवालिक सदन ने बेस्ट मार्च पास्ट की ट्राफी अपने नाम की। पिरामिड में नीलगिरी सदन प्रथम रहा। सभी विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने दर्शकों ने मनोरंजन के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसका दर्शकों ने जमकर लुत्फ उठाया। मंच का संचालन कोऑर्डिनेटर अर्जिता सिंगला एवं आदर्श ने बखूबी किया।







जींद। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए इंडस निदेशक सुभाष श्योराण व प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### खेलों से होता विद्यार्थियों का विकास

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि मनीराम मौण ने कहा कि इस तरह के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। खेलों से बच्चों में खेल भावना के साथ साथ नेतृत्व कला, आत्मविश्वास, अनुशासन तथा सहयोग जैसे गुण भी विकसित होते हैं।

### खेल जीवन के अभिन्न अंग

इंडस ग्रुप के निदेशक सुभाष श्योराण ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग होते हैं। खेलों से जहां हमारा मनोरंजन होता है, वहीं हमारा तन-मन तथा मस्तिष्क भी स्वस्थ रहता है। आज खेलों में इंडस स्कूल के विद्यार्थी निरंतर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। सुभाष श्योराण ने कहा कि वार्षिक खेल उत्सव की ओवरऑल ट्रॉफी का नाम नवदीप मेमोरियल ट्राफी के रूप में हमेशा याद रखा जाएगा।

इस अवसर पर अमित गोयल, नवीन मित्तल, संदीप डांगी, सुमन कुंडू, राजरानी, सरोज कुमारी, कुसुम शर्मा, सुमित्रा, ममता गर्ग, हेमंत भारद्वाज तथा सौरभ डीपीई सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।





जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए रा'यसभा सांसद सुशील गुप्ता।

## भाजपा गारंटी शब्द चुरा, केवल सपने बेच रही : डा. सुशील गुप्ता

- प्रदेश के हालत अति गंभीर, बदलाव चाह रही जनता
- आम आदमी पार्टी को विकल्प के रूप में देख रही जनता
- बदलाव के आह्वान के साथ यात्रा का हुआ समापन सरकार बनाने का दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता ने कहा कि भाजपा से हर वर्ग दुखी है। पढा-लिखा युवा नशा के साथ डिप्रेशन में जा रहा है। उद्योगपति पलायन कर रहे हैं। नई भर्ती नही हो रही है। पेपर लीक हो रहे हैं। छोटे दुकानदारों से फिरौती मांगी जा रही है। महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं। लोगों को स्वास्थ्य सेवा नहीं मिल पा रही है। भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अब प्रदेश के हालात गंभीर हो चुके हैं। भाजपा ने गारंटी शब्द केजरीवाल का चुराया है। भाजपा केवल सपने बेचती है। हर आदमी अब बदलाव चाहता है और विकल्प के तौर आम आदमी पार्टी को देख रहा है।

राज्यसभा सांसद डा. सुशील गुप्ता रविवार को बदलाव यात्रा के समापन अवसर पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बदलाव यात्रा रानी तालाब से होते हुए पूरे शहर में घूमी। उन्होंने कहा कि हरियाणा विकास को छोड़ लूट खसौट, बलात्कार, मर्डर, फिरौती, महिला विरूध अपराधों, बेरोजगारी में अव्वल हो चुका है। जिसके पीछे भाजपा सरकार की खराब नीतियां रही हैं। उद्योग प्रदेश से पलायन कर रहे हैं। युवा बेरोजगारी के कारण नशे तथा डिप्रेशन में जा रहा है। अपराध की दुनिया में प्रदेश का नाम है। शिक्षा को लेकर हाईकार्ट ने सरकार को फटकार लगाई थी। 70 हजार शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। प्रदेश में दो लाख से 'यादा पद खाली हैं। अनपढ़ मंत्री हैं। अस्पतालों में मशीन तथा दवाई नही है। नर्स से लेकर डाक्टर तक हडताल पर हैं। देश की शान पहलवान रो रहे हैं।

## जैजैवंती के पहलवान पुष्पेंद्र ने इंटर सर्विसिज रेसलिंग चैंपियनशिप में जीता सिल्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

- गांव पहुंचने पर किया जाएगा भव्य स्वागत

जुलाना क्षेत्र के जैजैवंती गांव के पहवान पुष्पेंद्र मलिक ने 72वीं इंटर सर्विसिज रेसलिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता है। विजेता पहलवान के प्रदर्शन से क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है। गांव पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी का जोरदार स्वागत किया जाएगा। जानकारी देते हुए विजेता खिलाड़ी पुष्पेंद्र मलिक के पिता रिसालदार कुलदीप मलिक ने बताया कि पुष्पेंद्र नेवी में पेटी अफसर के पद पर तैनात है। दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित 72 इंटर सर्विसिज रेसलिंग चैंपियनशिप में बेहतर प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। इससे पहले भी पुष्पेंद्र मलिक ने 125 किलोग्राम भार वर्ग में जुनियर नेशनल में गोल्ड मेडलए ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी में गोल्ड, जुनियर एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक, अमेरिका, फिनलैंड और ईरान में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुका है। मलिक ने कहा कि उनके परिवार का सपना है कि पुष्पेंद्र ओलंपिक में खेल कर देश के नाम गोल्ड मेडल जीतकर देश का नाम रोशन करे।



जुलाना। विजेता खिलाड़ी अपने कोच के साथ।

## भाजपा की डबल इंजन की सरकार के इंजन हुए फेल : सहवाग

- भाजपा विधायक की नाकामियों के कारण जींद विकास के मामले में पिछड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव दालमवाला में कांग्रेस नेता प्रमोद सहवाग ने हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश व हरियाणा में बीजेपी सरकार और जींद की छोटी सरकार के इंजन फेल हो चुके हैं और डिब्बे पटरी से लुढ़क चुके हैं। भाजपा विधायक की नाकामी से जींद हलका विकास में पिछड़ गया है। महंगाई और बेरोजगारी का आलम है। निराशा के दौर में एक ही उम्मीद लोगों को नजर आ रही है वह है कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा। आने वाला समय भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है, उनके नेतृत्व में हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनेगी और एक बार फिर जींद विकास की ऊंचाइयों को छूएगा और विकास की पटरी पर दौड़ेगा। कांग्रेस नेता सहवाग ने कहा कि पिछले नौ साल से प्रदेश की जनता बीजेपी-जेजेपी सरकार की जनविरोधी व तानाशाही नीतियों से लोग दुखी है। प्रदेश की जनता बीजेपी-जेजेपी जनविरोधी सरकार के कुशासन से छुटकारा पाने के लिए चुनावों का इंतजार कर रही है। अगले साल भूपेंद्र सिंह हुड्डा की कांग्रेस सरकार बनते ही हरियाणा में खुशहाली का दौर शुरू होगा और सभी वर्गो् को विकास में बराबर का भागीदार बनाया जाएगा। सहवाग ने कहा कि हरियाणा की जनविरोधी गठबंधन सरकार से आज प्रदेश के सभी वर्गो् का मोहभंग हो चुका है। चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को झूठे सुनहरे सपने दिखा कर सत्ता हथियाने वाली मनोहर सरकार को 2024 में हरियाणावासी अपनी एक.एक वोट की ताकत से सत्ता से बाहर करने का संकल्प ले चुके हैं।



जींद। कार्यकर्ताओं के साथ प्रमोद सहवाग। फोटो : हरिभूमि

## लुकमान में पीर बाबा की दरगाह में घुस चोरों ने किया हाथ साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

उपमंडल के गांव रत्ताखेड़ा लुकमान में पीर बाबा की दरगाह में घुसकर चोरों ने हाथ साफ कर दिया और गायब हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीर की देखरेख का काम सेवादार निधान ड्कूसह करता है, जो कि इसी गांव का रहने वाला है। निधान ड्कूसह ने बताया कि वह सारा दिन दरगाह में ही रहता है परंतु रात को धूप-बत्ती करने के बाद वह ताला लगाकर अपने घर चला जाता है और रोजमर्रा की भांति गत रात्रि भी वह रात को अपने घर चला गया था परंतु सुबह आकर जब उसने देखा तो पीर की दरगाह का ताला टूटा हुआ था और चोर कमरे के दरवाजे के भी ताले को तोड़कर सामान चुराकर ले गए थे। निधान ड्कूसह ने मौके पर पहुंची पुलिस को बताया कि चोर एक इन्वर्टर, दो बैटरी, चांदी के कुछ सिक्के, दरियां, रुमाले व गौशाला की तरफ से रखे गए गोलक से भी करीब 2 हजार रुपए चुरा गए। उन्होंने बताया कि यह सारा सामान करीब डेढ़ लाख रुपए के आसपास का बनता है। उन्होंने शंका जताई कि चोरों ने जिस तरीके से चोरी कां अंजाम दिया, उससे अनुमान लगाया जा सकता था कि चोरों को दरगाह में रखे सामान की सारी जानकारी थी।



ट्रंक का ताला तोड़कर समान निकालकर ले गए चोर।

### प्रदेश के 124 पीएम श्री स्कूलों में गठित होंगे विज्ञान और गणित मंडल

# विज्ञान एवं गणित में रुचि बढ़ाने को लेकर होगी प्रतियोगिता

- हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने जारी की 62 लाख की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद पंचकूला द्वारा राज्य भर के 124 पीएम श्री स्कूलों में विज्ञान और गणित मंडल का गठन करने के आदेश जारी किए हैं। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद में कंसल्टेंट सोनाली वोहरा ने बताया कि राज्य के 124 पीएम श्री स्कूलों के लिए विभाग ने 62 लाख रुपए की राशि जारी की है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह गतिविधि पीएम श्री स्कूलों में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए की जाएगी। जिसमें प्रत्येक विद्यालय में पांच विज्ञान और पांच गणित के मंडल गठित किए जाएंगे। कक्षा के सभी विद्यार्थी इसमें भागीदारी करेंगे असाधारण रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को और अधिक मौका दिया जाएगा। विद्यालय के कक्षा अध्यापकों को विशेष रूप से कहा गया है कि सभी वर्ग के बच्चों को इसमें शामिल करें चाहे वह मेधावी छात्र हो चाहे धीमा सिखाने वाले चाहे अंतमुर्खी या दिव्यांग विद्यार्थी हो सभी को मौका मिलना चाहिए। गतिविधि के दौरान अध्यापक विषय को विस्तार से समझाएंगे और गतिविधि की समय सीमा भी विद्यालय के अध्यापक ही तय करेंगे। इस गतिविधि के तहत कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों को विज्ञान विषय के थीम आधारित स्पीच, लेखन प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता ,पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता तथा विज्ञान विषय में गणित क्विज और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। कक्षा 9 से 10 के विद्यार्थियों के लिए बोलते हुए चित्र बनाने की प्रतियोगिता विज्ञान क्विज तथा गणित विषय में आलोचनात्मक सोच तथा तार्किक तर्क जैसी प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। कक्षा 11वीं और 12वीं के बच्चों के लिए विज्ञान विषय के मॉडल बनाना, प्रोजेक्ट बनाना तथा रिसर्च प्लान और गणित विषय में गणित के मॉडल तथा बौद्धिक गणित जैसी गतिविधियां करवाई जाएगी। डीपीसी सुरेंद्र आर्य ने कहा कि इस गतिविधि का अध्यापक द्वारा पूरा रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा तथा एक फाइल भी तैयार की जाएगी जो मुख्यालय भेजी जाएगी।



### विजेताओं को मिलेंगे 10 हजार तक के इनाम

जिला परियोजना अधिकारी सुरेंद्र कुमार आर्य तथा सहायक जिला सहायक परियोजना संयोजक कुशल कुमार ने बताया कि इस गतिविधि में जो विद्यार्थी अवल रहेंगे प्रथम पुरस्कार 1000 द्वितीय पुरस्कार 800 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 700 रुपए दिया जाएगा। एक कक्षा की चार गतिविधि होगी इसलिए प्रत्येक कक्षा के विद्यार्थियों को 10000 तक के राशि इनाम रूप में दी जाएगी। प्रतियोगिता से बच्चों की गणित और विज्ञान में और अधिक रुचि बढ़ेगी और विद्यार्थी बढ़ चढ़कर इन विषयों में और अधिक रुचि से कार्य करेंगे।

**खबर संक्षेप**



## पूर्व मंत्री स्व. सत्यनारायण लाठर को दी श्रद्धांजलि

**जुलाना**। नए बस स्टैंड के पास स्थित पूर्व जनस्वास्थ्य मंत्री सत्यनारायण लाठर की 5वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गणमान्य लोगों ने उनकी प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजली दी। उनके पोते और कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता मोहित लाठर ने कहा कि पूर्व जनस्वास्थ्य मंत्री लोगों से जुड़े हुए नेता थे।

## दो युवतियां व एक विवाहिता हुई लापता

**कैथल**। जिले में अलग-अलग जगहों से दो युवतियां व एक विवाहिता लापता हो गई। गुहला थाना के तहत आने वाले एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी कि 22 दिसंबर को शाम के समय उसकी 20 वर्षीय बेटी बिना बताए घर से चली गई, जो अभी तक वापस नहीं लौटी है। जांच अधिकारी बलजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## श्रीमद् भागवत कथा का 31 दिसंबर से प्रारंभ

**नरवाना**। दिल्ली के पश्चिम विहार स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में श्री ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 31 दिसंबर 2023 से 7 जनवरी 2024 तक महाराजा अग्रसेन भवन ज्वाला हेडी पश्चिम विहार मे आयोजित किया जा रहा है। आचार्य श्री भरत जी महाराज अपनी मुखारविंद से कथा करेंगे।

## रंजिशन मारपीट करने पर चार नामजद

**जींद**। गांव जामनी से घर से लौट रहे साइकिल सवार व्यक्ति पर कुछ लोगों ने रंजिशन हमला कर घायल कर दिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

गांव जामनी निवासी दलबीर ने बताया कि उनकी गांव के दीपक परिवार से पुरानी रंजिश चली आ रही है। बीती देर शाम को साइकिल पर सवार हो कर गांव से मंडी में आ रहा था। दीपक व उसके परिजनों ने घेर लिया ओर हमला कर दिया।



## परशुराम धर्मशाला में लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

**जुलाना**। जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी कृष्ण बुआना ने शिरकत की। कैंप में 104 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई और निशुल्क दवाएं भी वितरित की गई। कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कृष्ण बुआना ने कहा कि ग्रामीण आंचल में रहने वाले लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक नहीं होते जिससे वह थोड़े से बीमार होते हैं तो चिकित्सक को नहीं दिखाते हैं।

### लोकल रूटों पर बस का इंतजार करते रहे यात्री

# कर्मचारियों के आंदोलन में जाने से डिपो की व्यवस्था बिगड़ी

लगभग 70 कर्मचारियों के आंदोलन में जाने से बसों के फेरे हुए मिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

करनाल में रविवार को रोडवेज संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के आवास का घेराव किया गया। इसमें जींद से भी 70 से 'यादा

रोडवेज कर्मचारी भाग लेने गए। इतनी संख्या में कर्मचारियों के आंदोलन में भाग लेने के लिए जाने के चलत रोडवेज डिपो की व्यवस्था बिगड़ गई, जिससे 25 से 'यादा रोडवेज बसों के ब्रेक लगे। वहीं 15-20 लोकल रूटों पर बसें नहीं जा पाई और लंबे रूटों पर भी कई चक्कर मिस हुए। ऐसे में यात्रियों को भारी परेशानी हुईए वहीं रोडवेज को भी आर्थिक नुकसान हुआ है। रविवार को शामलो, कैथल, बधाना, पिल्लूखेड़ा, छात्तर, डाहोला आदि गांव प्रभावित रहे वहीं चंडीगढ़, रोहतक, हिसार, नरवाना, पानीपत जैसे रूटों पर चक्कर मिस हुए। इससे हजारों की संख्या में यात्री प्रभावित हुए।

हालांकि इससे पहले ही रोडवेज कर्मचारियों की परेशानी झेल रहा था लेकिन अबएक ही दिन 70 से 'यादा कर्मचारियों के अवकाश पर चले जाने से रोडवेज बस रूटों से बाहर होने लगी थी। अब रूटों से बाहर होने वाली रोडवेज बसों की संख्या बढ़ गई है।



जींद। जींद डिपो पर खड़ी बसें। फोटो : हरिभूमि

### 10-15 लोकल रूटों पर बसें नहीं जा पाई

जींद डिपो के डीआई राजबीर ने बताया कि रोडवेज कर्मचारियों के अवकाश पर चले जाने से रूट प्रभावित हुए हैं। जिससे 10-15 लोकल रूटों पर बसें नहीं जा पाई। वहीं लंबे रूटों पर भी कुछ चक्कर मिस हुए हैं। दिसंबर महीने के चलते रोडवेज कर्मचारी अवकाश पर चल रहे हैं। वहीं रविवार को मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने को लेकर जींद डिपो से 70-75 कर्मचारी करनाल गए हुए हैं।

### लोकल रूटों पर इंतजार करते रहे यात्री

बस अड्डे पर बने लोकल रूटों के बूथों पर पूरा दिन एक भी बस नहीं लगी। इसको लेकर पूरा दिन यात्रियों की भीड़ लगी रही वहीं यात्री बसों के बूथों पर लगने का इंतजार करते रहे। यात्री बार-बार पूछताछ केंद्र पर बसों के बूथों पर लगने के बारे में पूछते रहे लेकिन पूछताछ केंद्र पर तैनात कर्मचारी का यही जवाब था कि आज डिपो में कर्मचारी ही नहीं है, जिससे लोकल रूटों पर आज बसें नहीं जाएंगी। वहीं बस अड्डे पर परिचालकों के लिए बनाए गए बूथ भी खाली पड़े रहे। वहां की खिड़कियां और दरवाजे खुले पड़े रहे। बसों के न जाने के कारण यात्रियों को मायुस होकर बस अड्डे से लौटना पड़ा। इसके बाद वह निजी वाहनों के सहारे अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए। गौरतलब है कि 23 जून को सांझा मोर्चा के साथ बैठक में परिवहन मंत्री और प्रधान सचिव परिवहन ने मांगे मान ली थी लेकिन उन्हें लागू नहीं किया था। जिसके विरोध में रोडवेज कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने का फैसला लिया था।

# कॉलेज में होगा बांगर उत्सव

- राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूद का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

नव वर्ष के दिन राजीव गांधी महाविद्याल उचाना में दूसरे बांगर उत्सव का आयोजन किया जाएगा। यहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। अलग-अलग कैटेगरी इसको लेकर बनाई गई है। युवा, ग्रामीण, महिलाओं, बुजुगार्ें के लिए खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिले के सभी उपमंडलों की खेलों के लिए टीमें बनाई जाएगी। कार्यक्रम में अलग-अलग एक दर्जन के करीब स्टॉल लगाए जाएंगे। युवा पीढ़ी जानेंगी बांगर की संस्कृति, सभ्यता

आयोजक कमेटी के डा. रामचंद्र जांगड़ा, रामचंद्र अत्री ने संयुक्त रूप से पत्रकार वार्ता में बताया कि शिक्षा में टॉप करने वाले विद्यार्थियों के अलावा सेना में जो बड़े स्तर पर अधिकारी रहे है उनके, जो शहीद एवं मेडल विजेता है उनकी फोटो उनके स्टॉल पर लगाई जाएगी। बागवानी, प्रगतिशील किसानों अपने-अपने स्टॉल लगाएंगे। प्राचीन धरोहरों की जानकारी देने वाला स्टॉल भी रहेगा। मौके पर शिक्षाविद् रामफल खटकड़, कुमार अनिल, डॉ. राजेश श्योकंद, विकास मोर मौजूद रहे।



जींद। नव वर्ष के दिन होने वाले बांगर उत्सव को लेकर जानकारी देते हुए।

## जनवादी नौजवान सभा नववर्ष पर चलाएगी सदस्यता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारत की जनवादी नौजवान सभा की बैठक भगत सिंह अध्ययन केंद्र नरवाना में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अजय गुरुसर ने की। बैठक में हिसार में हुई दो दिवसीय राज्य स्तरीय कन्वेंशन की समीक्षा की गई तथा कन्वेंशन में लिए गए निर्णयों को लागू करने की योजना बनाई गई। जिला सचिव विक्रम उदयपुर ने बताया कि भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला कमेटी जींद एक जनवरी से जींद जिले में सदस्यता व इकाई कमेटियों का निर्माण शुरू करते हुए तीन जनवरी को सावित्रीबाई फुले के जन्म दिवस पर उदयपुर गांव में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। 12 से 14 जनवरी के बीच युवा खेल महोत्सव, 26 जनवरी को संविधान बचाव दिवस के ऊपर सांस्कृतिक कार्यक्रम व विचार गोष्ठी, सेमिनार, 23 मार्च को शहीदी दिवस तक आठ गांवों में रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी राज्य सचिव नरेश दनोदा ने दी।

## ईगराह में रक्तदान शिविर आज

**जींद**। युवा विकास समिति की बैठक जिला युवा पुरस्कार विजेता प्रदीप रेढू की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि एक जनवरी को नव वर्ष पर रक्तदान शिविर का आयोजन गांव ईगराह की ब्राह्मण धर्मशाला में किया जाएगा। शिविर के दौरान सभी रक्तदाताओं को सड़क सुरक्षा हेतु हेलमेट देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रदीप रेढू ने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्तदान कर हम किसी को नवजीवन देकर जो आध्यात्मिक आनंद प्राप्त कर सकते हैं।

# सफीदों की जनता ने उनका हर कदम पर साथ दिया : बचन सिंह

- दूसरे दलों को अलविदा कहकर थामा बचन सिंह आर्य का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

गांव भिड़ताना में सफीदों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रहे पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का जोरदार अभिनंदन हुआ। इस मौके पर गांव के दर्जनों लोगों ने दूसरों दलों को अलविदा कहकर पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य का दामन थाम लिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने ग्रामीणों को फूलों की मालाएं व पटका पहनाकर शामिल किया और कहा कि उनके मान-सम्मान में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं रहने दी जाएगी और वे सदैव उनके सुख-दुख में शरीक रहेंगे। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री बचन सिंह आर्य ने कहा कि पिछले 30 सालों में वे सक्रिय राजनीति में रहकर सफीदों इलाके की सेवा करने का काम किया है तथा आगे भी वे इसी प्रकार से जनता की सेवा में सदैव लगे रहेंगे। राजनीतिक व सामाजिक जीवन के हर मोड़ पर सफीदों क्षेत्र की जनता ने उनका साथ दिया और सदैव मुझे आगे बढ़ने के लिए प्रेररित किया। वे चाहते हैं कि यहां की जनता को तरक्की प्राप्त हो, भय रहित जीवन मिले, सुरक्षा व सुविधाएं प्राप्त हों। इसके लिए पावर की आवश्यकता होती है और वह पावर जनता ने देनी है। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे किसी के बहकावे में ना आए उनका साथ दे और इस क्षेत्र को तरक्की की राह पर अग्रसर करें।



जींद। बचन सिंह आर्य का अभिनंदन करते हुए ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

## गंगादत्त बने जेजेपी के हलका अध्यक्ष

**उचाना**। जेजेपी बीसी प्रकोष्ठ द्वारा जारी की गई बीसी हलकाध्यक्षों की सूची में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के हलके में ये जिम्मेदारी पांचाल कमेटी के पूर्व प्रधान गंगादत्त पांचाल को दी गई। पांचाल समाज के पूर्व पार्षद रामदिया पांचाल, जगदीश अलीपुरा, राजेंद्र पांचाल, विनोद भगत, गिंद्र, जगबीर, सतीश, वेदपाल छातर, सतपाल, रामचंद्र, गुलाब, सत्यनारायण कसूहन, राजबीर बिघाना, सूरजभान बिघाना, रामबिलास, कपूर सिंह, अनिल, सूरजा ने इस पर पार्टी राष्ट्रीयध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला, डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला, बीसी सेल प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष डॉ. धर्मपाल प्रजापत, कार्यालय सचिव प्रो. जगदीश सिहाग का आभार प्रकट किया। गंगादत्त पांचाल ने कहा कि जो जिम्मेदारी दी गई है वो निष्ठा से निभाएंगे।

# अपने लिए समय निकालना जरूरी

- लड़कियां ब्यूटी पार्लर का कार्य सीख कर बनेंगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आज भाग दौड़ भरी इस जिंदगी में न तो हम अपनी सेहत के लिए समय निकाल पाते हैं और न ही हम अपने शरीर की सौंदर्यता के लिए समय दे पाते हैं। ऐसे में यदि हमें अपनी सेहत और शरीर की सुंदरता का ध्यान रखना है तो कुछ समय अवश्य निकालना होगा। यह विचार नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कुंदन सिनेमा के निकट खोले गए लुक्स ब्यूटी पार्लर के ओपनिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहे। यहां महिलाओं को जहां स्पेशल जिम की सुविधा उपलब्ध होगी वहीं आईटीआई छात्रों के लिए अलग से सीखने की व्यवस्था होगी ताकि वो भी अपने पैरों पर खड़ी हो सकें। इस मौके पर उनके साथ सीमा भोला, संचालक डिपंल व शहर के अनेकों गणमान्य लोग मौजूद रहे। डा. भोला ने कहा कि महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। महिलाओं को आगे लाने के लिए संचालिका डिंपल हमेशा तत्पर रहती हैं। इसी उद्देश्य से यहां लड़कियों के सिखाने के लिए विशेष प्रबंध किया गया है ताकि वो यहां ब्यूटी पार्लर के कार्य को सीख कर जीवन में आत्मनिर्भर बन सकें। संचालिका डिंपल ने कहा कि आज सभी को फिट रहना है और सभी को सुंदर दिखना है।



जींद। शुभारंभ करते हुए बच्ची। फोटो : हरिभूमि

# मिड-डे मील वर्कर करेंगी सीएम आवास पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मिड-डे मील वर्कर्स यूनियन ब्लॉक जुलाना की बैठक राज्य कमेटी सदस्य संदीप जाजवान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 11 जनवरी को मिड-डे मील वर्कर्स मुख्यमंत्री आवास पर प्रदर्शन करेंगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र व रा'य सरकार मेहनत करके खाने वाले लोगों के खिलाफ नीतियां लागू कर रही है। महंगाई बढ़ रही है और मजदूरी घट रही है, जिसके चलते आम जनता आर्थिक संकट की मार झेल रही है। मिड-डे मील वर्कर्स 12 महीने काम करती हैं और सरकार की तरफ से मानदेय 10 महीने का मिलता है। सबसे ज्यादा शोषण भाजपा राज्य में महिलाओं का है। नई शिक्षा नीति के नाम पर सरकारी स्कूली व्यवस्था का भट्ठा बिठाया जा रहा है। मर्जर के नाम पर लगभग पांच हजार सरकारी स्कूल पिछले पांच वर्षोंर् में बंद हो चुके हैं। जिसके कारण लगभग 10 हजार मिड-डे मील वर्कर्स का रोजगार छिन गया है। उन्होंने मांग की कि मिड-डे मील वर्करों का मानदेय तुरंत दिया जाए। स्कूलों को मर्ज करना और उन्हें बंद करने का कदम वापस लिया जाए। इसके चलते जिन वर्कर्स को हटाया जा रहा है, उन्हें कम पर वापस लिया जाए। वर्कर्स का मानदेय 10 महीने की बजाय 12 महीने दिया जाए। मिड-डे मील वर्कर्स रिटायरमेंट की उम्र 65 वर्ष की जाए।

# गणित प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित

- ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

ओम इंटरनेशनल स्कूल दरोली खेड़ा में गणित विषय पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता हुई। गणित विषय पर विद्यालय में पहली बार आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। गणित टीचर राम अत्री, संदीप गणित टीचर की देखरेख में प्रतियोगिता हुई। अलग-अलग कक्षाओं की छह टीमों ने हिस्सा लिया।

टीमों के नाम पर गणितज्ञ के हिसाब से रखे गए। विजेता रही आर्य भट्ट टीम में विजेता टीम में तमन्ना, साक्षी, मोहित, शिवम, कौशल शामिल रहे। विद्यार्थियों द्वारा स्कीट के साथ-साथ गणित के विषय पर भाषण भी दिया। विजेता टीम एवं गणित टीचर को मैनेजमेंट कमेटी एवं प्रिंसिपल द्वारा सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल डिंपल अरोड़ा ने कहा कि गणित विषय से विद्यार्थियों को डरना नहीं चाहिए। गणित का विद्यार्थी जीवन के साथ-साथ आम जीवन में भी बड़ा महत्व है। विद्यार्थियों को लग्न, मेहनत से अपना कार्य करते रहना चाहिए। महान गणितज्ञ रामानुजन ने जो गणित जैसे कठिन विषयों को सुरुचि शोध कर आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा दी। इस मौके पर प्रबंधन कमेटी एमडी शर्मिली श्योकंद, हरदीप श्योकंद, प्रदीप श्योकंद मौजूद रहे।




जींद। गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विजेता टीम में शामिल विद्यार्थी।

# छात्रों ने किया ऑनलाइन सामूहिक श्लोकोच्चारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

राज्य स्तर पर आयोजित 105100 स्कूली विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन सामूहिक श्लोकोच्चारण कार्यक्रम में गीता के महत्वपूर्ण 18 श्लोक उच्चरित किए गए। जिला जींद के 6300 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। खंड उचाना से 900 विद्यार्थी एक साथ श्री शिव सनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां मे एकत्रित हुए। मुख्य अतिथि पुष्पा मोर खंड शिक्षा अधिकारी उचाना ने भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भौंगरा, मॉडल संस्कृति स्कूल उचाना कलां, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी, कन्या गुरुकुल खेड़ा, शिव गुरुकुलम छातर, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसूहन, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खटकड़, गीता विद्या मंदिर हाई स्कूल उचाना मंडी, श्री शिव सनातन धर्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल उचाना कलां। गीता जयंती प्रवक्ता मा. रामप्रसाद ने बताया कि जिला जींद में तीन प्रकार से गीता जयंती समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। सबसे पहले स्कूल ,खंड, जिला और रा'य स्तर पर गीता से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं को आयोजित करवाया गया। जींद जिले की बेटी अंशु ने श्लोक उच्चारण में रा'य स्तर पर प्रथम पुरस्कार जीता है। दूसरा ऑनलाइन सामूहिक श्लोक का उच्चारण में जिला जींद से कुल 6300 विद्यार्थी ऑनलाइन जुड़े हैं।

# वोटर लिस्ट से मृतकों के नाम हटाने के लिए भरें फार्म

- बीएलओ का करें सहयोग ताकि समय रहते बीएलओ एप पर अपलोड हो फार्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है लेकिन उनके नाम आज भी मतदाता सूची में है उन नामों को नियमानुसार मतदाता सूची से कटवाने के लिए फार्म-7 को भर कर अपने बीएलओ को दे ताकि समय रहते ये फार्म एप पर अपलोड हो सकें। एसडीएम गुलजार मलिक ने बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर सर्वेक्षण के दौरान लगभग 7400 ऐसे नाम सामने आए जिनकी मृत्यु हो चुकी है लेकिन उनका नाम आज भी मतदाता सूची में दर्ज है। अब तक केवल लगभग 1700 फार्म नंबर-7 जमा हो चुके है। बचे कार्य को पूरा करने के लिए सभी से आग्रह है कि बीएलओ का पूर्णतय सहयोग करते हुए फार्म-7 को भरें।



गुलजार मलिक, एसडीएम उचाना

इस संबंध में एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि बीएलओ के घर-घर सर्वेक्षण के दौरान कई ऐसे नाम भी सामने आए हैं कि जो दूसरी जगह रहते हैं लेकिन उनके वोट गांव, शहर एरिया में है। ऐसे लोगों से बात करके बीएलओ फार्म-7 भरें ताकि उस फार्म को भी समय रहते अपलोड किया जा सकें।

## गीता के श्लोकों का किया उच्चारण

**जींद**। खंड पिल्लूखेड़ा के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बूढ़ाखेड़ा स्कूल के प्रांगण में गीता जयंती के उपलक्ष में अष्टादश सामूहिक श्लोकोच्चारण ऑनलाइन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्त्रम में खंड पिल्लूखेड़ा के तहत आने वाले विभिन्न सीनियर सेकेंडरी में सेकेंडरी स्कूल के विभिन्न छात्र व छात्राओं व अध्यापकों ने बढ़चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ संतोष कुमारी राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्य ने किया। संतोष कुमारी ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य व गीता ज्ञान को जीवन में आत्मसात करने पर बल दिया। नोडल अधिकारी सुनीता रानी प्राध्यापिका संस्कृत व राजवंती संस्कृत प्राध्यापिका ने गीता के महत्व को आत्मसात करें।

### किसान कर रहे बारिश का इंतजार, फसलों को पहुंचेगा लाभ

# ठंड में हो रही वृद्धि गेहूं के लिए फायदेमंद

- अधिकतम तापमान स्थित तो न्यूनतम तापमान में हुआ एक डिग्री का इजाफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

धुंध और कोहरे ने अब लोगों को ठंड का अहसास कराने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। रविवार को भी सुबह का आगाज घनी धुंध के साथ हुआ। जैसे ही आसमान से सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो तापमान में कुछ वृद्धि हुई। जिससे लोगों को कुछ राहत मिली और घरों की छतों पर बैठ कर धूप सेकते हुए नजर आए। वहीं जिला में पड़ रही कडाके की ठंड और कोहरा फसलों के लिए सोने पर सुहागा साबित हो रहा है। फिलहाल किसान अब बारिश का इंतजार कर रहे हैं। अगर बारिश होती है तो यह फसलों के लिए सिंचाई का काम करेगी।



जींद। कोहरे में वाहन की लाइट की तरह नजर आ रहा सूर्य देवता।

### फसलों को पहुंचेगा फायदा, अच्छी मिलेगी ग्रोथ

इस समय जिले में किसानों ने लगभग डेढ़ लाख हेक्टेयर से भी 'यादा में गेहूं तथा 12 हजार हेक्टेयर से भी 'यादा में सरसोंकी बिजाई की हुई है। लगभग अढाई हजार हेक्टेयर में मेथी, जौ बरसीम व अन्य सब्जियों की बिजाई की हुई है। रबी सीजन के दौरान अबतक जिले में बारिश नही हुई है। पिछले एक पखवाड़े से ठंड भी अच्छी खासी पड़ रही है। फिलहाल ठंड फसलों की ग्रोथ के लिए लाभकारी मानी जा रही है। अगर अब बारिश या बूंदाबांदी होती है तो फसलों को अच्छा खासा फायदा पहुंचा है। बारिश होती है तो यह फसलों के लिए रामबाण सिद्ध होगी। किसानों को अच्छी खासी बारिश की दरकार है।

### ठंड गेहूं फसल के लिए रामबाण : डा. राजेश

पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश या बूंदाबांदी होती है तो फसलों को अच्छाखासा फायदा पहुंचेगा। ठंड गेहूं फसल के लिए रामबाण है। फिर भी किसान खेतों का लगातार दौरा करते रहें और खरपतवार पर विशेष ध्यान दें। किसान समय-समय पर सिंचाई अवश्य करते रहें।

### कोहरा बनेगा फसलों के लिए फायदेमंद

उचाना रिपोर्टर के अनुसार कोहरा फसलों के लिए फायदेमंद साबित होगा। रविवार को सुबह कोहरा कम था लेकिन देखते ही देखते सात बजे के करीब एकाएक घना कोहरा होता गया। खेतों में कोहरा 'यादा था जबकि बाजारों में कोहरा कम दिखाई दे रहा था। किसानों का कहना है कि फसलों के लिए कोहरा फायदेमंद साबित होगा। कोहरे के चलते वाहन भी सड़कों पर रेंग-रेंग कर चलते हुए दिखाई दिए। कोहरा के चलते सूर्य देवता भी ऐसा नजर आ रहे थे जैसे कोहरे में जाते हुए वाहन की लाइट दिखाई देती है।

## खबर संक्षेप

### कानूनी सहायता को टोल फ्री नं. 15100 जारी

**कैथल।** सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी दानिश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण ने लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध करने के लिए टोल फ्री नंबर 15100 जारी किया गया है। इस पर कॉल करके व्यक्ति अपनी समस्या बताकर कानूनी सहायता ले सकता है। यह हेल्पलाइन सभी कार्य दिवस पर कार्य में रहेगी।

### अयोध्या से आज चीका पहुंचेगी कलश यात्रा

**गुहला-चीका।** जैसे जैसे अयोध्या में श्री राम लला मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तिथि नजदीक आती जा रही है, वैसे वैसे देश भर का माहौल भक्तिमय होता जा रहा है। इसी कड़ी में अयोध्या से एक कलश यात्रा आज सोमवार को चीका पहुंचेगी।

### 25 दिसंबर के मनाया जाएगा सुशासन दिवस

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि 25 दिसंबर को सुशासन दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यक्रमों से जुड़ेंगे। जिला स्तरीय सुशासन दिवस लघु सचिवालय स्थित सभागार में मनाया जाएगा।

### सौलर प्लांट पर दिया जा रहा 50 प्रतिशत अनुदान

**कैथल।** एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि नवीन एवं नवीकरणीय उर्जा विभाग हरियाणा द्वारा 1 से 10 किलोवाट क्षमता के हाइब्रिड (बैटरी बैंक के साथ) सोलर पॉवर प्लांट का रेट कॉन्ट्रैक्ट किया गया है तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही योजना के तहत अनुसूचित एंव पिछडे.वर्ग की धर्मशालाएं जोकि पंजीकृत हैं, सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए पात्र हैं। सोलर पॉवर प्लांट लगाने के लिए 75 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है।

### इंटरस्टेट नाके पर डॉग की सहायता से की जांच

**कैथल।** कैथल पुलिस नशा तस्करों की धरपकड़ के लिए निरंतर प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की इसी मुहीम तहत डीएसपी कुलदीप बेनीवाल व एसएचओ चीका इंस्पेक्टर अमित कुमार की टीम द्वारा सनाईपर डॉग की सहायता से पंजाब राज्य के साथ लगते टटीयाना नाके पर जांच की गई। जांच दौरान आने जाने वाले वाहनों की गहनता से जांच की गई।

### विद्यार्थियों ने किया चंडीगढ़ का भ्रमण

**राजौंद।** आदर्श स्कूल जाखौली के विद्यार्थियों ने किया चंडीगढ़ का भ्रमण। स्कूल के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने बताया कि शिक्षा के साथ.साथ विद्यार्थियों को सामाजिक ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों का भ्रमण करवाना भी जरूरी है ताकि विद्यार्थी इस बारे भी जानकारी हासिल कर सके। उन्होंने बताया की टूर के दौरान बच्चे राक गार्डन, सुखना लेक व छतबीड़ जू को देखकर बहुत खुश हुएं व टूर के दौरान बच्चों ने बहुत ही अत्यधिक आनंद लिया।

गुरू ब्रह्मानंद के जन्म दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

# मुझे गुरु ब्रह्मानंद जी के साक्षात दर्शन का सौभाग्य मिला : गोलन

### गुरू ब्रह्मानंद ने हमेशा समाज को सही दिशा देने का कार्य किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** विधायक रणधीर सिंह को सम्मानित करते आयोजक।

विधायक रणधीर सिंह गोलन ने कहा कि गुरू ब्रह्मानंद ने लोक भलाई के लिए अनेक कार्य किए और मानवता का सच्चा रास्ता दिखाया। हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेते हुए समाज व राष्ट्र हित में निरंतर अपना योगदान देना चाहिए। विधायक रणधीर गोलन गुरू ब्रह्मानंद के जन्म दिवस पर हलके के विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित रहे थे। उन्होंने सभी स्थानों पर गुरु जी की मूर्ति पर माथा टेका। इन सभी स्थानों पर लोगों ने चेयरमैन रणधीर गोलन को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। विधायक रणधीर गोलन ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जी की महिमा में बहुत ताकत है हम सब पर गुरु का आशीर्वाद बना रहे। गुरु जी के आश्रम में 4 वर्ष पहले जो संकल्प किया था आज ब्रह्मानंद जी के आशीर्वाद से सरकार से पूण्डरी हल्के के सभी आश्रमों में ग्रांट लाकर संकल्प को पूरा करने का काम किया। गुरु जी हमारे पूण्डरी बणी आश्रम में रहते थे और हम सभी छोटे बच्चे खेलते-कूदते गुरु जी से प्रसाद लेने जाते थे। उन बचपन के दिनों में हमारा लगातार गुरु जी से मिलना होता था। सभी पर गुरु जी की दयादृष्टि बनी रहे

उन्होंने कहा कि गुरू ब्रह्मानंद ने समाज को सही दिशा देने का कार्य किया और जरूरतमंदों की सेवा करने का संदेश दिया है। हम सभी को इनके दिखाए रास्ते पर चलना चाहिए। उनके द्वारा दी गई शिक्षा हमारे लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि संत महात्मा किसी एक जाति या धर्म के नही होते, बल्कि वे सर्व समाज के होते हैं। उन्होंने कहा कि गुरू ब्रह्मानंद की जयंती पर जिला के विभिन्न गांवों में स्थापित उनके आश्रमों में पूरी श्रद्धा और भाव से कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। गुरू ब्रह्मानंद की जयंती पर अनेक स्थानों पर यज्ञ, संत महात्माओं के प्रवचन, भजन कीर्तन तथा भंडारे इत्यादि का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सबका साथ-सबका विकास तथा सबका विश्वास विचारधारा पर चलकर कार्य किया जा रहा है, जिससे पूरे हरियाणा प्रदेश का एक समान विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूंडरी क्षेत्र के लिए अनेकों सौगाते दी हैं। क्षेत्र की सभी सड़कों का सुदृढ़ीकरण व विस्तारीकरण किया जा रहा है, ताकि आवागमन की और अधिक सुविधा लोगों को मिले।

### सामाजिक चिकित्सक महासंघ की बैठक संपन्न

**राजौंद।** सामाजिक चिकित्सक महासंघ ब्लॉक राजौंद कार्यकारणी की बैठक डॉक्टर नरेश कसान के क्लिनिक एससीएमएच के जिला प्रधान डा तेजपाल खटकड़ की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन राजौंद ब्लॉक प्रधान डॉक्टर पवन रोहेड़ा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से संगठन विस्तार और नारकोटिक पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी साथियों ने पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। जिला प्रधान तेजपाल खटकड़ ने सभी साथियों से आह्वान किया कि वह हर गांव में जाकर साथियों को संगठन से जोड़ने पर जोर दे ताकि संगठन को और मजबूत किया जा सके। बैठक में सभी ब्लॉक प्रभारी व जॉन प्रभारी शामिल हुए। इस दौरान ब्लॉक उपप्रधान डा महेंद्र मेहला सचिव डॉ जय किशन शर्मा, डा बलजीत नरवल, डॉ जोगिंद्र तारागढ़, डॉ नरेश कसान, डॉ बलदेव मंडवाल, डॉ पवन सोंगल आदि शामिल हुए।



**राजौंद।** गांव कसान में बैठक करते हुए सामाजिक चिकित्सक महासंघ के सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*



**राजौंद।** गुहला चीका कोहिनूर एकेडमी में क्रिसमिस मनाते हुए छात्र व अध्यापक।

### क्रिसमस मना दिया भाईचारे का संदेश

**गुहला-चीका।** क्रिसमस पर्व की पूर्व संध्या पर टटियाणा स्थित कोहिनूर इंटरनेशनल एकेडमी में नन्हे मुन्नों ने यीशु मसीह को याद किया और धूमधाम से इस पर्व को मनाया। सर्वप्रथम बच्चों को भाषण द्वारा यीशु मसीह के जीवन से परिचित करवाते हुए उन्हें दया भाव व परोपकार से पूर्ण जीवन व्यतीत करने का संदेश दिया गया। तत्पश्चात बच्चों व अध्यापकों ने इसी पर्व से संबंधित कविता गायन व गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को आनंदमय बना दिया। नन्हे मुन्ने सांता क्लॉज की वेशभूषा में अत्यंत ही सुंदर व आकर्षक लग रहे थे। जिंगल बेल ..... गीत की धुन पर उन्होंने खूब नृत्य किया। बच्चों को टॉफियां व चॉकलेट वितरित की गई। प्रधानाचार्या कंवलजीत कौर बाजवा व चेयरपर्सन डॉ. सुखविंदर कौर ने बच्चों को यीशु मसीह के जीवन से प्रेरणा लेते हुए सादगी व मानव कल्याण पूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा दी।

# प्रदेश सरकार को बताया जनविरोधी

- भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से हर वर्ग परेशान : दीपेंद्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड



**ढांड।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अपने आवास पहुंचने पर स्वागत करते हुए सुभाष मैहला व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

सांसद हुड्डा पहुंचे गांव जडौला में सुभाष मैहला के निवास पर गत देर सायं कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा गांव जडौला में एडवोकेट सुभाष महैला के निवास स्थान पर पहुंचे। एडवोकेट सुभाष महैला ने सांसद दीपेंद्र हुड्डा का अपने निवास पर पहुंचने पर फूलमालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इ मौके पर सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से हर वर्ग परेशान हो रहा है। आम आदमी को ऑनलाइन के मकडजाल में फंसाकर रख दिया। काम के नाम पर सिर्फ ऑनलाइन आवेदन का नाम दे दिया जाता है। आमजनमानस ऑनलाइन प्रक्रिया से और भाजपा जजपा सरकार से अब छूटकारा पाना चाहता है। प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार सत्ता के नशे में जनभावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। सरकार के प्रति हर वर्ग में भारी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज करने के दिन हवा हो चुके है।

### 1 को रेल रोको आंदोलन में पहुंचने की अपील

**कैथल।** पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल की हनुमान वाटिका में एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी की अध्यक्षता में मीटिंग बुलाई गई। इसमें कुछ फैसले लिए गए ब्लॉक ढाणड के प्रधान पद पर सर्वसम्मति से सूबेदार उदयभान शर्मा चंदलाना को नियुक्त किया गया व युवा कल्याण समिति खुराना द्वारा 31 दिसम्बर रविवार को रक्तदान शिविर में पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल पूर्णतया सहयोग देगी। जो कि खुराना में प्रातः 9:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक चलेगा। एसोसिएशन प्रधान जगजीत फौजी ने बताया कि सबसे बड़ा अहम फैसला जो सभी उपस्थित पदाधिकारी एवं सदस्यों ने लिया।



**कैथल।** डॉ. वीरेंद्र गोयल को सम्मानित करते प्राध्यापक। *फोटो : हरिभूमि*

### डॉ. वीरेंद्र गोयल को दी विदाई पार्टी

कैथल। अर्थशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रमुख डॉ. वीरेंद्र गोयल आरकेएसडी कॉलेज, कैथल से सेवानिवृत्त हो गए। कॉलेज की स्टाफ काउंसिल ने उनके और उनके परिवार के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया। प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल, जो डॉ. वीरेंद्र गोयल के छोटे भाई भी हैं, ने उनके साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने उनके कुछ सबसे यादगार पलों पर प्रकाश डाला। स्टाफ सदस्यों ने भी डॉ. वीरेंद्र गोयल के बारे में अपनी भावनाएं साझा कीं। अंत में डॉ वीरेंद्र गोयल ने अपना विदाई भाषण दिया और कहा कि इस कॉलेज में अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें कई चीजें सीखने का अवसर मिला, जिससे उन्हें अपने पेशेवर और व्यक्तिगत जीवन दोनों में मदद मिली। वह मिले और कई दोस्त बनाए जिन्होंने पूरे समय उनका समर्थन किया।

# दो लाख पद खाली पड़े : दीपेंद्र हुड्डा

- सरकार ने प्रदेश भ्रष्टाचार की खुली छूट दी हुई है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



पूंडरी में रणदीप टाया के मकान पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए सांसद दीपेंद्र हुड्डा।

राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार सरकार के खिलाफ कोई न बोले, इसके लिए ईडी व अन्य सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रदेश में गठबंधन के नाम पर सहयोगी पार्टी जजपा को लूटने की खुली छूट दी हुई है। सांसद हुड्डा देर रात पूंडरी हुडडा कालोनी में युवा नेता रणदीप टाया के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री विधानसभा में गीता पर हाथ रखकर भ्रष्टाचार पर पाक साफ होने का सबूत दे रहे है, वहीं प्रदेश में अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों को भ्रष्टाचार करने की आजादी दी हुई है। प्रदेश में नौजवानों को खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती नहीं की जा रही। पुरानी पेंशन स्कीम से और बुजुगोंर् को देश में सबसे ज्यादा 6 हजार रुपए बुढ़ापा पैंशन दी जानी चाहिए। गरीब परिवारों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट व 2 कमरे के इंदिरा आवास योजना के मकान दिए जाए। हर परिवार को 300 यूनिट फ्री बिजली, खिलाड़ियों को पदक लाओं पद पाओ नीति से जोड़ा जाए। आढ़तियों की पुरानी मंडी व्यवस्था लागू की जाए। हर गृहणी को 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर, ओबीसी वर्ग की आय सीमा 6 लाख से बढ़ाकर 10 लाख की जाए, किसानों को गन्ने का भाव 450 रुपए प्रति क्विंटल दिया जाए।



**राजौंद।** कुरुक्षेत्र गीता जयंती पर भ्रमण करने पहुंचे गांव रोहेडा सरस्वती स्कूल के विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**राजौंद।** गांव रोहेडा के सरस्वती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव पर एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार ने बताया कि स्कूल हर साल गीता जयंती पर एक भ्रमण अवश्य लेकर जाता है। विद्यार्थियों ने धरोहर, पैनोरमा और ब्रह्मसरोवर सहित कई दर्शनीय स्थलों का भ्रमण किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि शिक्षा के साथ. साथ सांस्कृतिक भ्रमण भी जरूरी है ताकि विद्यार्थी अपनी हरियाणवी संस्कृति को जान सके। उन्होंने कहा कि गीता केवल एक पुस्तक या ग्रंथ मात्र नहीं है, बल्कि जीवन का सार है। गीता सार्वभौमिक व सार्वकालिक और आज भी गीता की सार्थकता उतनी ही है, जितनी उस समय थी। विश्व को सुखी बनाने के लिए शांति के रास्ते पर ले जाने के लिए गीता का संदेश आवश्यक है।

# युआओं को नशे के प्रति किया जागरूक

- राजौंद में विद्यार्थियों नशे से होने वाले नुकसान बताए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



राजौंद में विद्यार्थियों को जागरूक करते पुलिस कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत रविवार को जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, एचसी सुनील कुमार द्वारा राजौंद में हो रही लड़के-लड़कियों की रेस प्रतियोगिता दौरान प्रतिभागियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान युवाओं व आमजन को बताया कि नशा करने वाला व्यक्ति खुद के साथ साथ अपने परिवार को भी बर्बाद कर देता है। मनुष्य के लिए नशे का सेवन किसी भी प्रकार से हितकारी नहीं है और नशे के कारण लाखों युवा जिंदगी खो चुके है और बहुत से परिवार बेघर हो गए है। नशे से शरीर व घर दोनो का नाश होता है। किसी को भी नशा नहीं करना चाहिए। खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है।

### धुंध के दौरान स्कूल बस चालक बरतें सावधानी

**कैथल।** कैथल पुलिस ने मौजुदा मौसम की स्थिति को देखते हुए सर्दियों में धुंध व कोहरे के दौरान सडक यातायात को सुरक्षित बनाए रखने के लिए एक एडवाइजरी जारी कर वाहन चालकों से एहतियाती उपायों व सुझावों को अपनाने का अनुरोध किया है। एसपी उपासना ने एडवाइजरी जारी करते हुए बताया कि धुंध का मौसम शुरू हो गया है। इन दिनों में कोहरे व धुंध के चलते सडकों पर विजिबिलिटी कम रहेगी। कोहरे के मौसम में वाहन चलाते समय यात्रियों को अधिक सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है। मौसम के पूवार्नुमान की निगरानी करते हुए वाहन चलाएं।



# सूरज सहारण बने कैथल पत्रकार संघ के प्रधान

- नवीन मल्होत्रा चेयरमैन और जयपाल रसूलपुर बने महासचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



**कैथल।** पत्रकार संघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत करते पत्रकार।

जिले के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों द्वारा मीडिया सेंटर में कैथल पत्रकार संघ की कार्यकारिणी का एक साल पूरा होने पर विधिवत रूप से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। नव कार्यकारिणी की मीटिंग की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार नवीन मल्होत्रा ने की। जिसमें सदस्यों का चयन करते हुए कैथल पत्रकार संघ के चयनित सभी पदाधिकारी को सर्वसम्मति से चुना गया। नवनियुक्त कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकार नवीन मल्होत्रा को चैयरमैन, सूरज सहारण, ब्यूरो चीफ (हरिभूमि) को प्रधान पद के लिए चुना गया इसके साथ उप प्रधान पद के लिए मनोज मलिक व जयपाल रसूलपुर को महासचिव व प्रदीप ढुल को कोषाध्यक्ष और बलिंद्र नरड़ को कार्यकारिणी का जिला प्रवक्ता बनाया गया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समय-समय पर पत्रकारों के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और संगठन पत्रकारों के हितों को लेकर कार्य करेगा, कार्यक्रम में यह भी निर्णय लिया गया कि जल्द ही जिला लोक संपर्क अधिकारी के माध्यम से निदेशक हरियाणा लोक संपर्क विभाग और हरियाणा सरकार को मीडिया केंद्र के विस्तार के लिए के लिए लिखा जाएगा।पंकज आत्रेय, सुरेंद्र भारद्वाज, ललित शर्मा, जितेंद्र पांचाल , अनिल कुमार, प्रवेश बहादुर , सतीश बराड़ा , नरेश पंवार , ओमप्रकाश , कुंज शर्मा, सुरेंद्र सैनी , सुनील जांगड़ा, रविंद्र शांडिल्य , राजिंद्र तंवर, कुलदीप आदि रहे।

# शिविर में आठ गांवों से पहुंचे 30 प्रतिभागी

- मानव अधिकार रक्षकों का दूसरा प्रशिक्षण शिविर गांव मोहना में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी



**पूंडरी।** कार्यक्रम में भाग लेते सामाजिक कार्यकर्ता। *फोटो : हरिभूमि*

एक्शन एड संस्था व जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा के सदस्यों द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया गया। इसमें करीब 8 गांवों के 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सुरेश टांक प्रदेश महासचिव जन कल्याण सोसाईटी हरियाणा ने प्रशिक्षण शिविर में आए हुए सभी परिचय करवाया और ट्रैनिंग का मुख्य उद्देश्य बताया कि एक्शन एड संस्था सभी मानव अधिकार रक्षकों को उनके हक और अधिकार के प्रति जागरूक करना चाहती है। एडवोकेट राजेश कुमार कैथल ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 और पोक्सो एक्ट 2012 के बारे में जानकारी दी और बताया कि पोक्सो एक्ट 18 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों को परिभाषित करता है। यह अधिनियम बच्चों को योन शौषण, दुर्व्यवहार व अन्य उत्पीड़न की घटनाओं से बचने की सुरक्षा प्रदान करता है। राजेंद्र कुमार करनाल ने 2005 आरटीआई सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रति जागरूक किया और बताया कि सूचना का अधिकार का मूल उद्देश्य भारत के नागरिकों को सशक्त बनाने , सरकार के कायारें् में पारदर्शिता लाने, उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने एवं लोकतंत्र को लोगों के लिए कामयाब करने के लिए है।

आयोजकों ने गौरव पाडला को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

# जरूरतमंद बेटियों के हाथ पीले करवाने से मिलता पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- हनुमान वाटिका में 21 जरूरतमंद कन्याओं का हुआ सामूहिक विवाह समारोह



**कैथल।** भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला को संस्था के आयोजक स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हिंदी सलाहकार समिति केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि जरूरतमंद बेटियों के हाथ पीले करवाने से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। ऐसे नेक समाजहित के कार्यों में हर वर्ग के लोगों को दो कदम आगे बढकर सहयोग रूपी सहायता की आहुति डालनी चाहिए। गौरव पाडला भारत हैल्प मिशन संस्था द्वारा करनाल रोड स्थित हनुमान वाटिका में आयोजित 21 जरूरतमंद कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह में विशेष रूप से शिरकत करने के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर आयोजकों ने गौरव पाडला का स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। गौरव पाडला ने सामूहिक विवाह समारोह में वर वधू को सुखमय जीवन का आशीर्वाद दिया। अपने संबोधन में गौरव पाडला ने कहा कि कन्यादान महादान है और जरूरतमंद बेटियों का विवाह करवाकर संस्था द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए पूरी संस्था बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास, उत्थान व कल्याण में धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं का शुरू से ही योगदान रहा है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अपनी काबलियत का लोहा मनवा रही है और देश में उच्च पदों पर आसीन होकर समाज व देश के उत्थान में अहम भूमिका निभा रही है। गौरव पाडला ने कहा कि भाजपा सरकार के बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ नारे से समाज में जागरूकता आई है और मोदी व मनोहर सरकार द्वारा बेटियों व महिलाओं के उत्थान के लिए उठाए गए कदम व लागू की गई नीतियों को बेटियों व महिलाओं को पूरा लाभ मिल रहा है।

## खबर संक्षेप

### 22 को घर-घर पहुंच कर दिया जाएगा निमंत्रण

**नरवाना।** 22 जनवरी 2024 को भगवान श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूरे देश मे मनाया जा रहा है। जिसकों लेकर नरवाना नगर को बस्तियों मे विभाजित किया गया है जिसमे श्रीगुरु गोविंद सिंह बस्ती, नरवाना की बैठक श्री गीता मंदिर में हुई। नगर संयोजक गौरव दीप ने बताया कि 495 वर्ष के लंबे संघर्ष के बाद श्री राम प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनने का अवसर मिला है।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का भव्य स्वागत

**सफीदों।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का रविवार को उपमंडल के गांव टीटोखेड़ी में भव्य स्वागत हुआ। इस मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजू मोर, भाजपा नेता जसमेर रजाना, एसईपीओ नरेश कुमार, बीडीपीओ अनिल अत्री ने शिरकत की।

### शिवानिया पब्लिक स्कूल में मनाया क्रिसमस डे

**उचाना।** शिवानिया पब्लिक स्कूल उचाना में क्रिसमस-डे मनाया गया। विद्यार्थियों ने सेंटा क्लॉज बनकर नृत्य के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी। प्रिंसिपल प्रोमिला मलिकने क्रिसमस-डे के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि यह पर्व आपस में भाईचारा बढ़ाने, प्रेम के साथ रहने, स्वच्छता के प्रति सजग रहने का हमें संदेश देता है।

### 27 को कुरुक्षेत्र में होगा नंबरदारों का सम्मेलन

**गुहला-चीका।** नंबरदार शासन प्रशासन में जनता के बीच एक पुल का काम करते हैं। सर्दियों से चली आ रही परंपरा को वर्तमान सरकार समाप्त करना चाहती है। उपरोक्त शब्द नंबरदार एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता अधिवक्ता जीवन सिंह नैन ने बातचीत करते हुए कहे। नैन ने कहा कि 27 दिसंबर को जाट धर्मशाला कुरूक्षेत्र में नंबरदारों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

### ग्रामीण सफाई कर्मचारी आज करेंगे प्रदर्शन

**जींद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन की बैठक कार्यकारी प्रधान ईश्वर सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। ईश्वर सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को जिला में अनेकों समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। मानदेय नहीं दिया जा रहा।

### राममेहर सिंह मलिक प्रधान मनोनित

**जींद।** हरियाणा शारीरिक शिक्षा अध्यापक संघ जिला जींद की बैठक डिफेंस कॉलोनी स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में प्रेम सिंह देशवाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिला जींद की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें स्टेट बॉडी की तरफ से कंवर सिंह पर्यवेक्षक के रूप में पहुंचे। बैठक में राममेहर सिंह मलिक को प्रधान, धर्मपाल सिंह महासचिव, कोषाध्यक्ष करनैल सिंह, ऑडिटर चंद्र सिंह को नियुक्त किया गया।

# अब कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधीन आया सर्वरोगहर व निरंकार शिव तीर्थ

- ग्राम पंचायत ने विधायक रणधीर गोलन, एडीसी कुरुक्षेत्र व केडीबी के अधिकारियों का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

हरियाणा सरकार के अधीन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा 48 कोस की परिधि में 18 नए तीर्थों में गांव पिलनी स्थित सर्वरोगहर तीर्थ व निरंकार शिव तीर्थ को भी शामिल किया गया है। दोनों तीर्थो को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) के अधीन लेने का श्रेय ग्राम पंचायत और समस्त ग्रामीणों ने हल्का विधायक रणधीर सिंह गोलन, मानक स्वरूप कमेटी के अध्यक्ष उपेंद्र सिंघल, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव मदन मोहन छाबड़ा, कुरुक्षेत्र के एडीसी अखिलेश पिलानी, डॉ. राजेंद्र राणा रिटायर्ड अधिकारी पुरातत्व विभाग, कुरुक्षेत्र श्रीकृष्ण संग्रालय के अधीक्षक बलवान सिंह और कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के समस्त कर्मचारी को दिया है। ग्राम पंचायत पिलनी व समस्त ग्रामीणों ने इसके लिए सभी का आभार व्यक्त किया है। सरपंच राजकिशन, सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र पिलनी ने कहा कि बाबा देवीदास और निरंकारी शिव महाराज की कृपा सभी अधिकारियों व कर्मचारियों पर सदा बनी रहे और समस्त ग्रामीण ऋणी रहेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत इसके लिए काफी समय से प्रयासरत रही थी। बार-बार अधिकारियों से इसको लेकर सम्पर्क किया गया और केडीबी के अधीन आने के बाद तीर्थो का जीर्णोद्धार अच्छे तरीके से होगा। इस मौके पर कैथल ब्राह्मण धर्मशाला के उप-प्रधान सुरेश शर्मा, देसराज, सुदामा पहलवान, सतीश कुमार, बलराज, बसाऊ कश्यप, मुकेश कुमार, पुरुषोत्तम शास्त्री, धर्मपाल शर्मा, पंच जयपाल शर्मा, अनिल शर्मा, अश्विनी शर्मा, राजेश शर्मा, राजीव कौशिक, जयदेव कैत, मिट्ठू वाल्मीकि, आशीष शर्मा, सोहनलाल कश्यप, उत्सव शर्मा आदि मौजूद रहे।



पाई। पिलनी स्थित सर्वरोगहर तीर्थ व निरंकार शिव तीर्थ। फोटो :हरिभूमि

### अब तीर्थों का होगा कायाकल्प

*सरपंच प्रतिनिधि नरेंद्र पिलनी ने कहा कि अब तीर्थो का न केवल करोड़ों रुपये खर्च कर कायाकल्प होगा बल्कि पर्यटन की दृष्टि से इन्हें विकसित किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों से बातचीत की है जिन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड ने खाका तैयार कर लिया है, जिसे मंजूरी के लिए जल्द ही प्रदेश सरकार के पास भेजा जाएगा। नरेंद्र पिलनी ने कहा कि कुरुक्षेत्र की 48 कोस भूमि में सैकड़ों की संख्या में प्राचीन तीर्थ मौजूद हैं। अधिकांश तीर्थ या तो लुप्त हो चले हैं या फिर सरकार की उदासीनता की मार झेल रहे थे। इन तीर्थों का जीर्णोद्धार और विकास करने के लिए हालांकि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड का गठन सरकार ने किया हुआ है, लेकिन इसमें चुनिंदा तीर्थ ही केडीबी के अधीन हैं। अब उनके गांव के 2 तीर्थो को केडीबी के अधीन लिया गया है। जल्द ही सरकार इन तीर्थों की सुध लेगी और तीर्थों का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।*

## बलदेव बाल्मीकि ने हमीरगढ़ व खरल में किया सीधा संवाद

# जनकल्याणकारी योजनाओं पर पहला हक वास्तवित लाभार्थियों का

सरकार प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

एमओ डॉक्टर पुनीत पीएचसी कर्मगढ़ व बलदेव बाल्मीकि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत खंड उझाना के गांव हमीरगढ़ व खरल में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डॉ पुनीत एमओ पीएचसी कर्मगढ़ व बलदेव वाल्मीकि भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्यने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर पहला हक वास्तविक लाभार्थियों का है प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए केंद्र व प्रदेश सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए लोगों को ण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। उन्होंने कार्यकम में नागरिकों से 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का संकल्प भी दिलाया। उन्होंने कहा कि कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बीपीएल परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। गरीब परिवारों का चूल्हा चलाने के लिए उन्हें स्वरोजगार से जोड़ रही है। दोनों ने संयुक्त रूप से कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य ही हर एक व्यक्ति को केंद्र और रा'य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडऩा है। मोदी सरकार और 9 सालों में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडक़र लाभान्वित किया जा रहा है। मोदी मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन.धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा स्टॉल लगाकर जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया।



नरवाना। उज्जवला योजना के तहत गैस सिलेंडर का कनेक्सन देते हुए।



### विकसित भारत संकल्प यात्रा में हर पात्र व्यक्ति तक पहुंच रही मोदी-मनोहर सरकार की हितैषी योजनाएं

***जींद।*** *देश अमृत काल के आगामी 25 वषोंर् में भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में शामिल करना पीएम मोदी का सपना है। युवा वर्ग को अपना कौशल निखार कर विकसित भारत के निर्माण में निर्णायक भूमिका निभानी चाहिए। इस यात्रा में हर पात्र व्यक्ति तक मोदी-मनोहर सरकार की लोक हितैषी योजनाएं का लाभ अविलंब तरीके से पहुंचाया जा रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजू मोर ने रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रमों के तहत सफीदों खंड के गांव करसिंधू में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार हर लाभार्थी तक गांव-गांव पहुंच रही है। जनकल्याण की सोच के साथ ऐसा मेगा अभियान पहले कभी नहीं चलाया गया। मोदी की सोच है कि हर पात्र व्यक्ति को लोक हितैषी योजनाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। भाजपा जिला अध्यक्ष राजू मोर व ग्रामीणों ने करसिंधू गांव में पीएम मोदी का ग्रामीणों संग संदेश सुना। उन्होंने कार्यक्रमों में मोदी-मनोहर सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि पीएम उ'जवला योजना से देशभर की करोड़ों माताओं, बहनों के आंखों से निकलने वाले आंसुओं को पोंछने का काम मोदी सरकार ने किया है। जिन पात्र माताओं व बहनों को रसोई गैस नहीं मिला है, उन सभी को गांव-गांव जाकर रसोई गैस दिए जा रहे हैं। अब किसी को रसोई गैस कनैक्शन लेने के लिए किसी मंत्री व वीआईपी से सिफारिश कराने की जरूरत नहीं रहीएये मोदी का बदला हुआ भारत है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजू मोर ने लोक हितैषी कायोंर् के लिए विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और लाभार्थियों से सीधा संवाद किया। वहीं दूसरी तरफ टीटोखेडी गांव में सोनीपत लोकसभा कोर कमेटी के सदस्य जसमेर रजाना, उझाना खंड में हमीरगढ़ एवं खरल, जींद खंड के हैबतपुर व निर्जन गांव में बीडीपीओ फूल सिंह ने शिकरत की और ग्रामीणों को संबोधित किया।*

## शेड्यूल के अनुसार पहुंचेगी भारत संकल्प यात्रा-जन संवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि विकसित भारत जन संकल्प यात्रा-जन संवाद कार्यक्रम के माध्यम से जिला के चारों विधानसभा क्षेत्रों में एक दिन में दो-दो कार्यक्रम आयोजित करके आमजन को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही विभिन्न सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है। भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा पूंडरी के ग्रामीण क्षेत्रों का शेडयूल अनुसार 25 दिसंबर को सुबह गांव म्यौली तथा बाद दोपहर गांव सलीमपुर मदूद, 26 दिसंबर को सुबह गांव डडवाना तथा बाद दोपहर गांव ढांड में पहुंचेगी। भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा कैथल के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों का शेडयूल अनुसार 25 दिसंबर को सुबह शेरगढ़ तथा बाद दोपहर बुढ़ाखेड़ा, 26 दिसंबर को सुबह चक्क पाड़ला छौत तथा बाद दोपहर डेरा गदला, 27 दिसंबर को सुबह गांव देवीगढ़ तथा बाद दोपहर दिल्लोवाली, 28 दिसंबर को सुबह धुंधरेहड़ी तथा बाद दोपहर गांव फ्रांसवाला, 29 दिसंबर को सुबह खुराना तथा बाद दोपहर माघो माजरी, 30 दिसंबर को गांव मालखेड़ी तथा बाद दोपहर नैना, 1 दिसंबर को सुबह गांव पट्टी अफगान में पहुंचेगी। भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा गुहला-चीका के ग्रामीण क्षेत्रों का शेड्यूल अनुसार 26 दिसंबर को सुबह पपराला तथा बाद दोपहर लंडाहेड़ी, 27 दिसंबर को सुबह अजीमगढ़ तथा बाद दोपहर डेरा गोबिंद सिंह नगर, 28 को सुबह महमदपुर तथा बाद दोपहर गढ़ी नजीर, 29 को सुबह मलिकपुर समाना तथा बाद दोपहर शादीपुर, 30 को दाबा तथा बाद दोपहर चाबा, 1 जनवरी को खुशहाल माजरा नंदगढ़ में पहुंचेगी।

### 25 को दुमाड़ा गांव में पहुंचेगी

*भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत विधानसभा कलायत के ग्रामीण क्षेत्रों का शेडयूल अनुसार 25 दिसंबर को सुबह दुमाड़ा गांव में पहुंचेगी। इसके बाद 26 दिसंबर को सुबह राजौंद खंड के गांव नरवल तथा बाद दोपहर नीमवाला, 27 दिसंबर को सुबह खेड़ी रायवाली तथा बाद दोपहर खेड़ी सिंबवाली, 28 दिसंबर को सुबह माजरा रोहेड़ा तथा बाद दोपहर रोहेड़ा, 29 दिसंबर को सुबह किठाना तथा बाद दोपहर सौंगरी, 30 दिसंबर को सुबह गुलियाणा तथा बाद दोपहर तारागढ़, 1 जनवरी को सुबह किछाना तथा बाद दोपहर कसान, 2 जनवरी को सुबह जाखौली कमान तथा बाद दोपहर माजरा नंदकरण, 3 जनवरी को सुबह कोटड़ा तथा बाद दोपहर संतोख माजरा, 4 जनवरी को सुबह फरीयाबाद तथा बाद दोपहर सेरधा, 5 जनवरी को सुबह कुकरकंडा तथा बाद दोपहर मंडवाल, 6 जनवरी को सुबह बिरथे बाहरी तथा बाद दोपहर बीर बांगड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंचेगी।*

# जन आक्रोश रैली में आज कांग्रेसी भरेंगे हुंकार

- पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा करेंगे रैली को संबोधित
- जन आक्रोश रैली की सभी तैयारियां पूरी, पहुंचेगा अपार जनसमूह : सुभाष गांगोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों विस से कांग्रेस विधायक सुभाष गांगोली जनआक्रोश रैली के माध्यम से सोमवार को सफीदों की पुरानी अनाज मंडी में हुंकार भरेंगे। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर प्रतिपक्ष नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा, विशिष्ट अतिथि के तौर पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष उदयभान, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा लोगों को संबोधित करेंगे। विधायक सुभाष गांगोली ने जन आक्रोश रैली आयोजन स्थल का जायजा ले तैयारियों को अंतिम रूप दिया। उन्होंने कहा कि जन आक्रोश रैली में अपार जनसमूह उमडेगा। लोगों को रैली को लेकर डोर टू डोर न्योता दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा तथा जजपा गठबंधन सरकार से लोगों का मोह भंग हो चुका है। भाजपा सरकार में भय, भ्रष्टाचार, अपराध का बोलबाला है। बेरोजगारी चरम पर है। युवा अपराध तथा नशे की तरफ जा रहा है। स्कूलों में अध्यापक नही हैं। दो लाख से 'यादा पद खाली पडे.हुए हैं। बिना पर्ची तथा खर्ची वाली सरकार में सिवाय घोटालों के कुछ नही हुआ है। पेपर लीक तथा सूटकेस तक सरकार रही है। बुनियादी सुविधाओं के लिए जनता तरस रही है। महंगाई ने लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। मजदूरों को कार्य नहीं मिल रहा है। मिमिक्री के मामले में उन्होंने कहा कि भाजपा का कार्य धर्म, जातपात के नाम लोगों को बांटना है। जिस समय किसान दिल्ली में तीन कृषि कानून को लेकर दिल्ली में अपनी जान गंवा रहे थे और गर्मी, सर्दी तथा बारिश से बेपरवाह हो कर डेरा डाले हुए थे।

लोग भाजपा तथा जजपा के जुमलों में आने वाले नही हैं। भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार से हर वर्ग परेशान हो चुका है। जनता को केवल चुनाव का इंतजार है। आगामी चुनाव में कांग्रेस भारी बहुमत के साथ प्रदेश में भूपेंद्र हुड्डा के नेतृत्व में सरकार बनाएगी।



जींद। जनआक्रोश रैली का न्योता देते हुए विधायक सुभाष गांगोली।

# फरल-रावणहेड़ा में संकल्प यात्रा के दौरान वितरित किए गैस कनेक्शन

- पात्र लोगों को दिया गया मौके पर ही सरकारी योजनाओं का लाभ
- परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को दुरुस्त किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन गांव फरल तथा रावणहेड़ा में हुआ। कार्यक्रमों में उप-चेयरमैन कर्मबीर कौल, बीजेपी नेता अनिता चौधरी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने मौके पर ही पात्र लोगों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत गैस-सिलैंडर प्रदान किए। ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों पर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाया। परिवार पहचान पत्र में त्रुटियों को दुरूस्त किया गया। कृषि विभाग द्वारा भी किसानों को सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी।

गांव फरल में उप-चेयरमैन कर्मबीर कौल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल पूरे देश व प्रदेश में गरीब व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए कार्य कर रहे हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी यही उद्देश्य है। यह यात्रा गांव-गांव और शहरों में लोगों के घर द्वार पर पहुंचकर योजनाओं से वंचित व्यक्तियों को लाभ दिया जा रहा है। गरीबों का उत्थान करना सरकार का मुख्य ध्येय है।

### प्रदेश में एक समान विकास

गांव रावणहेड़ा में बीजेपी नेता अनिता चौधरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश में एक समान विकास कार्य करवा रहे हैं। ऐसे लोग जिन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठाया, उनके लिए घर द्वार पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सीधा लाभ दिया जा रहा है। युवाओं को पारदर्शिता के आधार पर नौकरियां प्रदान की जा रही है। इस मौके पर वीएस चौधरी, साहब सिंह, सुखविंद्र, कमलेश रानी, राजीव आदि मौजूद रहे।

## मारपीट, धमकी व जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में केस दर्ज

***कैथल।*** *सिविल लाइन कैथल पुलिस ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने व जातिसूचक शब्द कहने के आरोप में तीन नामजद करते हुए 20-25 अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। चंदाना गेट निवासी भावना ने सिविल लाइन थाना में शिकायत दी कि 21 दिसंबर को शाम के समय वह और उसका पति नीरज अपने पैसे लेने के लिए गुरु तेग बहादुर कॉलोनी निवासी प्रशांत के घर गए थे। प्रशांत ने पैसे देने से मना कर दिया। उन्होंने वहां पर जब आरोपियों को पैसे देने के लिए कहा तो प्रशांत, महेंद्र व अशोक ने अन्य 20-25 व्यक्तियों के साथ मिलकर उनसे मारपीट की। आरोपियों ने उन्हें जातिसूचक शब्द कहे व जान से मारने की धमकी दी। जांच अधिकारी धर्मपाल ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।*

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

कार्यक्रम — महिलाओं और युवाओं को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के बारे में जानकारी दी गई

# उपभोक्ताओं को जागरूक करना हमारा लक्ष्य : राजेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ के नेतृत्व में पहला कदम फाउंडेशन के सहयोग से हाऊसिंग बोर्ड स्थित अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला कार्यालय में आज राष्ट्रीय ग्राहक दिवस पर उपभोक्ताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं और युवाओं को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के बारे में जानकारी दी गई।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला संयोजक राजेश वशिष्ठ ने बताया कि की अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना 1974 में पूना में हुई। संगठन का मूल उद्देश्य ग्राहक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करना एवं उसे उचित मूल्य पर अच्छी गुणवत्ता, सही नाप, विक्रय उपरांत सेवा एवं अच्छा व्यवहार दिलवाना है। संगठन की सबसे बड़ी उपलब्धि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 लागू करवाना है। अन्य क्षेत्रों जैसे पेट्रोलियम पदाथार्े में कम मात्रा मिलना, मिलावट, अधिक पैसा लेना, समय पर ग्राहक को सुविधा उपलब्ध न करवाना इसी तरह टेलीफोन, मोबाइल, इंटरनेट उपभोक्ताओं से मनमाना शुल्क वसूलने एवं उचित सेवा प्रदान न करने के मामले, बिजली उपभोक्ताओं का शोषण होने पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत समय समय पर लोगों को जागरूक करने का कार्य करते हैं। विभिन्न विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। अब बस, ऑटो में यात्रियों से दुर्व्यवहार, किराना व्यापारियों द्वारा चिल्लर के स्थान पर चॉकलेट या अन्य उत्पाद देना, दवा व्यवसायियों द्वारा कम स्टैंडर्ड की दवाइयां बेचना इन विषयों को लेकर संगठन उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए समय समय पर संस्था सदस्यों द्वारा जनजागरण अभियान चलाया जाता है। हर ग्राहक को सुरक्षा, चयन, सुनवाई, क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार है।



जींद। ग्राहकों को जागरूक करते हुए राजेश वशिष्ठ। फोटो : हरिभूमि

## पूंडरी: उपभोक्ता को अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक: मुकेश



**पूंडरी।** खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गांव फतेहपुर में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य एवं आपूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार ने की। इस मौके पर उनके साथ उप-निरीक्षक सुनील पाटिल, रमेश कुमार व राहुल सहित अन्य मौजूद रहे। अधिकारियों ने गांव में डिपू स्थलों पर जाकर आमजन को उपभोक्ता दिवस व उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि कोई भी वस्तु बिना बिल के न लें, गुणवत्ता की जांच करें, पूरा वजन लें और आई.एस.आई. व अन्य जानकारी भ्झी सांझा करें। निरीक्षक मुकेश ने कहा कि आज प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी वस्तु का उपभोक्ता है। इसलिए प्रत्येक उपभोक्ता को अपने अधिकारों की जानकारी होना आवश्यक है। यदि उपभोक्ता अपने अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होगा तो उनका शोषण होता रहेगा। उन्होंने उपभोक्ताओं का आह्वान किया कि वे बाजार से कोई भी वस्तु खरीदते समय उसका बिल अवश्य ले तथा उसकी एक्सपाइरी की तिथि अवश्य जांच ले।